"हर काम देश के नाम"

कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), 1 करियप्पा रोड, लखनऊ छावनी-226002

Office of the Principal Controller of Defence Accounts (Central Command), 1 Cariappa Road, Lucknow Cantt – 226002

Email : pcdaccaniiilko.dad@gov.in

भारत 2023 INDIA

वसुधैव कुटुम्बकम्

ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

परिपत्र

सं.प्रशा/III/337/विविध

दिनांक : 02.05.2023

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी
सभी आधीनस्थ कार्यालय
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग

विषय : मासिक अवकाश विवरण के संबंध में

उपरोक्त संबंध में सूचित किया जाता है कि प्रायः कई आधीनस्थ कार्यालयों एवं मुख्य कार्यालय के कई अनुभागों द्वारा इस कार्यालय/अनुभाग को मासिक अवकाश विवरण प्रेषित करते समय समय सीमा का ध्यान नहीं रखा जाता है जिसके कारण संबन्धित अवकाश कार्यालय आदेश भाग-II तैयार करने मे अकारण ही अतिविलंब होता है तथा परिणामस्वरूप अधिकारियों/कर्मचारियों को उनका शेष अवकाश विवरण भी समय से प्राप्त नहीं हो रहा है । इसके अतिरिक्त स्थानातरण होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का अवकाश अद्यतन न होने के कारण उनकी सेवा पुस्तिका प्रेषण एवं सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के अंतिम भुगतान मे भी विलंब होता है जिसे सक्षम अधिकारी द्वारा गम्भीरता से लिया गया है।

2. अतः सभी आधीनस्थ कार्यालय तथा मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग के कार्यालय प्रभारी से निवेदन करने के लिए कहा गया है कि समाप्त होने वाले माह का मासिक अवकाश विवरण, किसी भी परिस्थिति में अगले माह के प्रथम 5 कार्य दिवसों के भीतर मुख्य कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनश्चित करें ।

समूह अधिकारी (प्रशा) द्वारा अवलोकित।

व.लेखा अधिकारी (प्रशा-III)